ना अब रुला साँवरे

ना अब रुला..... मेरे साँवरे,
रूठी मेरी किस्मत, उसे आके बना दे,
डोले मेरी नैयाँ, उसे पार लगा दे,
ना अब रुला......... ।

तेरे ही भरोसे श्याम, रहता हूँ मैं तो,
तू ना बनाए काम, जाऊं कहाँ रे,
जग में भगत श्याम, लाखों हैं तेरे,
मैं भी पड़ा हूँ श्याम, चरणों में तेरे रे,
चरणों में तेरे,
ना अब रुला.... मेरे साँवरे,
रूठी मेरी किस्मत, उसे आके बना दे,
डोले मेरी नैयाँ, उसे पार लगा दे,
ना अब रुला......... ।

रोते हैं नैन मेरे, तड़प रहा हूँ,
तेरी एक झलक की खातिर, तरस रहा हूँ,
ऐसे ना कठोर बनों, श्याम हमारे,
तुम तो हमेशा बने, हारे के सहारे रे,
हारे के सहारे,
ना अब रुला.... मेरे साँवरे,
डोले मेरी नैयाँ, उसे पार लगा दे,
रूठी मेरी किस्मत, उसे आके बना दे,
ना अब रुला......... ।

तुम तो हो बाबा श्याम, जग के खिवैया,
मुझ को किनारे लगा दो, डूबे है नैया,
गहरा घना है सागर, ओ मेरे सांवरे,
डूबने लगा हूँ बाबा, आके संभाल रे,
आके संभाल रे,
ना अब रुला.... मेरे साँवरे,
रूठी मेरी किस्मत, उसे आके बना दे,
डोले मेरी नैयाँ, उसे पार लगा दे,
ना अब रुला..... मेरे साँवरे,
रूठी मेरी किस्मत, उसे आके बना दे,
डोले मेरी नैयाँ, उसे पार लगा दे,
ना अब रुला......... ।

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |